**आज दिनांक–21.06.2024 (शुक्रवार) को प्राचार्य कक्ष में अपराह्न 01.00 बजे संपन्न हुई स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 33वीं बैठक की कार्यवाही :-**

---

1. उपस्थिति :- बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए :-

| क्र.सं. | नाम | स्थानीय प्रबंधन समिति में धारित पद | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री संतोष कुमार, प्राचार्य<br>नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | अध्यक्ष | उपस्थित |
| 2 | श्री रवि रंजन, शिक्षक,<br>नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 3 | श्रीमती राधा कुमारी, शिक्षिका,<br>नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 4 | श्री रौशन कुमार बक्शी, प्रशासनिक पदाधिकारी,<br>नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |

**02.** प्रभारी कोषपाल के द्वारा उपस्थित सदस्यों को बताया गया कि प्राचार्य के कार्यालय आदेशांक–1459, दिनांक–06.06.2024 के माध्यम से वार्षिक निविदा के प्रारूप एवं सामग्रियों के ब्राण्ड/गुणवत्ता के निर्धारण एवं समीक्षा हेतु एक समिति गठित की गई थी। गठित समिति के द्वारा सामग्रियों के ब्राण्ड एवं गुणवत्ता तथा तकनीकी मापदण्डों का उल्लेख कर अपना प्रतिवेदन दिनांक–20.06.2024 के माध्यम से प्राचार्य को समर्पित किया गया। स्थानीय प्रबंधन समिति द्वारा गठित समिति के प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत समिति निम्न बिन्दुओं को समाहित कर प्रारूप को पुनः संशोधित करने की अनुशंसा करती है :-

I. सर्जना पत्रिका की छपाई का उल्लेख कोड संख्या–09 (क्रम संख्या–72) में भी उल्लेख है जिसे हटाने की आवश्यकता है।

II. कोड संख्या–10 (दवा, उपकरण आदि) में इस आशय का उल्लेख किया जाना चाहिए कि अनुबंधित सार्थ को विद्यालय के आवश्यकतानुसार अन्य दवाएँ (आवश्यकता पड़ने पर) अनुबंधित दर पर आपूर्ति करनी होगी। साथ ही इस आशय का भी उल्लेख होना चाहिए कि अगर आवश्यकता हुई तो सामान कम्पोजीशन की दवा समिति की अनुशंसा पर ली जा सकती है।

III. कोड संख्या–01 (खाद्य सामग्री) में खुला पनीर (उच्चगुणवत्ता) की दर भी मंगवाई जा सकती है ताकि आवश्यकता पड़ने पर क्रय किया जा सके।

IV. निम्न सामाग्रियों हेतु उसके सामने लिखित ब्राण्ड को समाहित किये जाने की अनुशंसा की गई –

चाट मशाला – Parrot Brand -1 00gm/50gm पैकेट
सांभर मसाला – Tata/Parrot Brand - 100gm/50gm पैकेट
खड़ा जीरा – Parrot Brand
हल्दी पाउडर – Parrot Brand
धनिया – Parrot Brand
सौंफ – Parrot Brand
काला नमक – Parrot Brand
हींग – Parrot Brand

21/06/24

21/06/24

21/6/24

03. तकनीकी बीड में गतवर्ष की निविदा की भाँति संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आचरण-प्रमाणपत्र की प्रति एवं माप-तोल प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करने का नियम सन्निहित करने की अनुशंसा की जाती है।

उपरांकित अनुशंसा के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

21/6/24
(रौशन कु0 बक्शी)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

21/6/24
(राधा कुमारी)
सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति

21/06/24
(रविरंजन)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

(संतोष कुमार) 21/06/2024
अध्यक्ष
स्थानीय प्रबंधन समिति